भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2302
जिसका उत्तर मंगलवार, 03 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल क्षेत्रक में संकट

2302. श्री सी. पी. जोशी:
श्री रामदास तडस:
श्री संगम लाल गुप्ता:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऑटोमोबाइल क्षेत्रक हाल ही में पूंजीगत वस्तुओं की कमी से संबंधित संकट से गुजर रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या प्रयास किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का उक्त क्षेत्रक को विशेष पैकेज प्रदान करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): ऑटोमोबाइल सेक्टर द्वारा पूंजीगत वस्तुओं की कमी के संबंध में किसी चिन्ता की सूचना नहीं दी गई है।

(ग) और (घ): जब कभी आवश्यक होता है, सरकार एक नीति निर्माता के रूप में हमेशा ऑटो सेक्टर के व्यापक और सतत विकास के लिए अनेक उपायों के माध्यम से अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने एवं इसमें सुधार करने का प्रयास करती है।